तालाब में व्यक्ति का उतराता मिला शव

सिसवा मुंशी आज। भिटौली थाना क्षेत्र के शिकारपुर चौकी अंतर्गत लक्ष्मीपुर शिवाला गांव में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब शिवमंदिर परिसर स्थित सरोवर में एक व्यक्ति का उतराता हुआ शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सरोवर से निकलवाकर कब्जे में लिया और अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान गोरखपुर जनपद के गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल सखनी गांव निवासी सुभाष गुप्ता (42) पुत्र छोटेलाल के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह लंबे समय से लक्ष्मीपुर शिवाला और आसपास के गांवों में घूमकर मजदूरी व भिक्षाटन से अपना गुजर-बसर करता था। शाम होने पर वह शिवमंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप में ही सो जाता था।ग्रामीणों के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 9:54 बजे गांव की सुशीला गिरी मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने पहुंचीं। इसी दौरान उनकी नजर सरोवर में उतराती एक आकृति

❖ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की

पर पड़ी। पहले उन्हें वह पुतला लगा, लेकिन करीब जाने पर शव होने की जानकारी हुई। सरोवर की सीढ़ियों पर सफेद टी-शर्ट और भूरे रंग की चप्पल भी मिली। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर ग्रामीणों को सूचना दी।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक शराब का आदी था। आशंका जताई जा रही है कि वह नशे की हालत में दो दिन पूर्व सरोवर में गिर गया होगा, जिससे डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

ग्राम प्रधान कृष्णमोहन पटेल की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भिटौली सत्येंद्र कुमार राय, शिकारपुर चौकी प्रभारी एवं उपनिरीक्षक अभिजीत राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों में मां सत्ती देवी, बड़े भाई राजू गुप्ता, भाभी पुष्पा देवी सहित अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

केरल में पेंटिंग के दौरान ऊंचाई से गिरकर घायल युवक की मौत

सिंदुरिया आज। परिवार की खुशहाली के लिए केरल में पेंटिंग का काम करने गए 38 वर्षीय कमलेश



यादव की उपचार के दौरान मौत हो गई। मंगलवार देर शाम शव गांव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और दो मासूम बेटों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।सदर कोतवाली क्षेत्र के बागापार टोला बरईठवा निवासी कन्हैया लाल यादव के पुत्र कमलेश दो अक्टूबर को केरल में काम करते समय ऊंचाई से गिर गए थे। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों ने केरल में इलाज कराया, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्हें गांव ले आए। 23 अक्टूबर को महराजगंज के सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर एक नवंबर को गोरखपुर के श्री वेदना हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां तीन नवंबर की शाम उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक के दो बेटे आनंद (12) और राज (10) तथा पत्नी उषा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। बुधवार को चानकी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

भारत-नेपाल सीमा पर 75 बोरी कद्दू बीज के साथ पिकअप चालक गिरफ्तार

झुलनीपुर (आज) थानाक्षेत्र के बहुआर चौकी पुलिस और एसएसबी झुलनीपुर की टीम ने बुधवार की भोर में बॉर्डर से सटे तेरे चार पुल के पास एक पिकअप पर



लदा 75 बोरी कद्दू का बीज के सात पिकअप सहित चालक को पकड़ लिया। तस्करी की कद्दू बीज नेपाल से नाव के द्वारा नारायणी नदी में टेल फॉल ठोकर संख्या एक तक लाया गया था और पिकअप पर लादकर कुशीनगर भेजा जा रहा था। टीम ने कद्दू बीज लदे पिकअप को कब्जे में लेकर कस्टम एक्ट में कार्रवाई की है। बहुआर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार गुप्ता, एसआई कपिल प्रजापति, कांस्टेबल रामाशीष यादव, सरफुद्दीन, आनंद शुभम वर्मा आदि को लेकर रात्रि गश्त में निकले थे। इस दौरान एसएसबी झुलनीपुर के एसआई सामान्य रविन्द्र कुमार यादव भी अपनी टीम के साथ मौजूद मिले। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप पर कद्दू बीज लादकर टेल फॉल से गेडहवा होते हुए तेरह चार पुल की तरफ लाया जा रहा है। इसे कुशीनगर ले जाने की योजना है। इस सूचना को एसएसबी पथलहवा के निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय को भी बताया गया। टीम ने गेड़हवा पुल के पास पहुंचकर घेराबंदी शुरू कर दी। इस बीच एक पिकअप आते हुए दिखाई दी। टीम ने टॉर्च की रोशनी में गाड़ी को रोककर चालक से पूछताछ शुरू कर दिया। इस दौरान चालक ने अपना नाम हैदर अली निवासी खैरहवा दूबे थाना परसामलिक बताया। पिकअप पर लदे सामान के बारे में उसने बताया कि पिकअप पर 75 बोरी कद्दू बीज लादा गया है, इसे कुशीनगर ले जाया जा रहा है। प्रत्येक बोरी 40 किलोग्राम की है। बहुआर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए कद्दू बीज लदे पिकअप को सीज कर कस्टम एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

सफाई कर्मी की कार्य के दौरान मौत

झुलनीपुर (आज)। निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम शीतलापुर में मंगलवार को कार्य के दौरान एक सफाई कर्मचारी की तबियत बिगड़ गई। गोरखपुर जिले के थाना कौड़ीराम के ग्राम धनौड़ा निवासी जयनारायन (50) निचलौल ब्लॉक/ थाना के ग्राम शीतलापुर में ग्रामीण सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। वह निचलौल कस्बा सटे चमनगंज पुल के पास किराया का कमरा लेकर अकेले रहता था। सुबह वह अपने कमरे से शीतलापुर गांव में ड्यूटी पर गया था। इस बीच सफाई कार्य करते समय उसकी तबियत बिगड़ने लगी। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से उसे निचलौल सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पर सीएचसी पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने घटना की सूचना मृतक के घरवालों को भेज दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि मृत सफाई कर्मचारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने और परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली, भैया दूज, छठ पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक

निचलौल आज। धन तेरस दीपावली, भैयादूज, पूजा छठ पर्व त्यौहार को लेकर निचलौल थाने में



थानाध्यक्ष योगेंद्र राय की अध्यक्षता में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक की गई।बैठक में थाना क्षेत्र सम्भ्रांत लोग और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

थाना प्रभारी योगेंद्र राय ने बताया कि यह पर्व धनतेरस से प्रारंभ होकर छठ पर्व के समापन पर समाप्त होता है। इस लंबी अवधि में प्रशासन के सामने भी कानून व्यवस्था को बनाना एक चुनौती पूर्ण काम रहता है। ग्राम प्रधान एवं संभ्रांत लोगों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुए बताया कि त्यौहार हम सब का है,अगर भाई चारा के साथ इसको मनाया जाए तो समाज में अच्छा संदेश जाता है,किसी भी त्यौहार में अराजक तत्व शांति व्यवस्था में खलल डालने का काम करते हैं। जिसमें हम सब की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।अगर कहीं अव्यवस्था फैले तो इसकी तुरंत सूचना पुलिस को दें।त्यौहार के दौरान तेज आवाज का डीजे और तेज आवाज के पटाखे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किए गए हैं। नियम तोड़ने वाले के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी। इस दौरान निचलौल थाने के सभी उप निरीक्षक पुलिसकर्मी एवं सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

6 से 30 नवंबर तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

महराजगंज । जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि माह नवंबर 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को दिनांक 06 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक कराया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति राशनकार्ड 10 किलोग्राम गेहूं एवं 25 किलोग्राम चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 01 किलोग्राम गेहूं एवं 04 किलोग्राम चावल नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। वितरण उचित दर दुकानों पर प्रात: 08 से 12 बजे तथा अपराह्न 02 से 06 बजे तक पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में होगा। मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से राशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2026 निर्धारित है।

त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील

झुलनीपुर आज। भारत-नेपाल सीमा से सटे बहुआर और शीतलापुर चौकी क्षेत्र में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना अध्यक्ष योगेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों सहित संभ्रांत एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।बैठक में धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, भैया दूज और छठ पूजा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना अध्यक्ष ने सभी से त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने से बचने की हिदायत दी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की।साथ ही ग्राम प्रधानों से अपने गांवों में लोगों को जागरूक करने और आपसी समन्वय बनाए रखने का आग्रह किया गया।

डीजे संचालक निर्धारित मानकों का करें पालन, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई -सीओ

आनंदनगर आज। आगामी धनतेरस, लक्ष्मी पूजा, दीपावली और छठ महोत्सव को शांतिपूर्ण एवं



सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को पुरंदरपुर थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। क्षेत्राधिकारी फरेंदा दीपशिखा वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्राम प्रधानों, व्यापारियों, आयोजकों और डीजे संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सीओ ने कहा कि डीजे संचालक शासन की गाइडलाइन और उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन करें। दो से अधिक डीजे बजाने और तेज आवाज में साउंड सिस्टम चलाने पर कार्रवाई की जाएगी। उत्तेजक और भड़काऊ गाने बजाने पर भी प्रतिबंध रहेगा।उन्होंने लक्ष्मी पूजा पंडालों और छठ घाटों पर अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, बिजली की सुरक्षित फिटिंग और प्राथमिक अग्निशमन उपकरण रखने के निर्देश दिए। त्योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती और पुलिस से समन्वय बनाने को कहा।बैठक में प्रभारी निरीक्षक गौरव कन्नौजिया, उपनिरीक्षक राहुल यादव, अजय यादव सहित ग्राम प्रधान, व्यापारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

प्रेमी से शादी की जिद पर मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, घंटों चला हाई-वोल्टेज ड्रामा

रतनपुर आज। परसामलिक थाना क्षेत्र के जिगिना टोला गंगवलिया गांव में बुधवार सुबह प्रेमी से शादी



की जिद पर 19 वर्षीय युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। नीचे कूदकर जान देने की धमकी देने लगी। पुलिस और परिजनों के घंटों समझाने के बाद युवती को सकुशल नीचे उतारा गया।जानकारी के अनुसार युवती का विषखोप टोला श्रीरामपुर निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों की असहमति के चलते युवक रोजी-रोटी के लिए परदेस चला गया था। तीन दिन पहले युवक के लौटने की जानकारी मिलने पर युवती उसके घर पहुंची और शादी की बात कही। आरोप है कि युवक के परिजनों ने उसे डांटकर घर से निकाल दिया।इससे क्षुब्ध युवती पास के मोबाइल टावर पर चढ़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को समझाने का प्रयास किया। घंटों की मशक्कत के बाद वह नीचे उतरी।थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि युवती के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान किया गया है।

राज्यमंत्री सत्येंद्र कुमार बारी ने रामचंद्र रावत को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

महराजगंज आज। उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं राज्यमंत्री स्तर प्राप्त सत्येंद्र




कुमार बारी ने महराजगंज जनपद के विभिन्न स्थानों पर जनचौपाल लगाकर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।जनचौपाल के दौरान उनका सहज और आत्मीय व्यवहार लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। इसी क्रम में उन्होंने रामचंद्र रावत को महराजगंज जनपद का जिला प्रतिनिधि घोषित करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी।इस घोषणा के बाद रामचंद्र रावत के लिए सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का नया अवसर खुला है। उन्हें उम्मीद है कि इस जिम्मेदारी के माध्यम से वह आमजन की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करने में अपनी भूमिका निभा सकेंगे।

राज्यमंत्री सत्येंद्र कुमार बारी के इस निर्णय को रामचंद्र रावत ने अपने लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताते हुए समाजहित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। अब जिला प्रतिनिधि के रूप में उनकी भूमिका पर लोगों की निगाहें रहेंगी।

बिना नोटिस रसोइयों को हटाने का आरोप, कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

निचलौल आज। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कोल्हुआ में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत कार्यरत रसोइयों को बिना नोटिस सेवा से हटाए जाने का मामला सामने आया है।



राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोइया फ्रंट ने प्रधानाध्यापक पर मनमानी और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है।संगठन का आरोप है कि प्रधानाध्यापक कालिका प्रसाद सिंह ने बिना शासनादेश और पूर्व सूचना के रसोइयों को काम से हटा दिया। 13 अक्टूबर को विद्यालय में हुए निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता और रसोइयों को दिए जाने वाले भोजन पर भी सवाल उठाए गए। संगठन ने आरोप लगाया कि भोजन की गुणवत्ता को लेकर आवाज उठाने वाली रसोइयों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। साथ ही मनमाने ढंग से नई रसोइयों की नियुक्ति कर पुरानी रसोइयों को काम से वंचित कर दिया गया। संगठन ने निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और पूर्व रसोइयों की बहाली की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन और भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है। इस दौरान जिलाध्यक्ष संध्या देवी, राजेंद्र प्रसाद, रामसेवक और पाना देवी मौजूद रहे।

तीन साल से सड़क निर्माण का इंतजार, गड्ढों से परेशान ग्रामीणों में आक्रोश

गड़ौरा महराजगंज आज। निचलौल क्षेत्र के बोदना माइनर मार्ग पर बोदना से कटखोर तक सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग तीन वर्षों से सड़क निर्माण के नाम पर केवल आश्वासन दे रहा है, जबकि धरातल पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है।सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयां हो रही हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, लेकिन विभाग की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।सड़क की बदहाली को देखते हुए ग्रामसभा कटखोर के ग्राम प्रधान यूनुस ने पहल करते हुए गड्ढों में राबिस डलवाया। इससे लोगों को अस्थायी राहत मिली है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि राबिस डालना स्थायी समाधान



नहीं है।क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क का स्थलीय निरीक्षण कराकर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समस्या को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

पुलिस की पैदल गश्त, शराब दुकानों की हुई जांच

खुशहालनगर (आज)।घघली थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम ने पैदल गश्त कर बाजारों और सार्वजनिक स्थानों का जायजा लिया। इस दौरान देशी शराब की दुकान और चखना की दुकानों की जांच की गई। पुलिस ने शराब दुकान संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए नियमों का पालन करने की हिदायत दी। वहीं, अवैध रूप से शराब पिलाने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। यह अभियान सदर क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम के निर्देशन में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया।

उज्ज्वला योजना के 2.58 लाख परिवारों को मिलेगी सब्सिडी, महिलाओं को दिए डेमो चेक

महराजगंज । प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश के 1.89 करोड़ से अधिक पात्र परिवारों के बैंक खातों में 1500 करोड़ रुपये की सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इस अवसर पर विकास भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर करीब 200 महिलाओं को डेमो चेक प्रदान किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल तथा विशिष्ट अतिथि पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह और सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया रहे।विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि उज्ज्वला योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली है। वहीं विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार होली और दीपावली जैसे त्योहारों पर पात्र महिलाओं को नि:शुल्क गैस रिफिल की सुविधा दे रही है।जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस पहल से त्योहार की खुशियां बढ़ेंगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले के करीब 2.58 लाख पात्र परिवारों को सब्सिडी का लाभ मिलेगा। अंत में सीडीओ महेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों और महिलाओं के प्रति आभार जताया।

पशुओं की शत-प्रतिशत टैगिंग और टीकाकरण की ऑनलाइन फीडिंग पर जोर

महराजगंज । मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एजाज अहमद की अध्यक्षता में बुधवार को पशुपालन विभाग की एक दिवसीय प्रचार-प्रसार योजना के तहत बैठक आयोजित की गई। इसमें विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया।बैठक में भारत पशुधन ऐप पर पशुओं के टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित कार्यों की नियमित फीडिंग के निर्देश दिए गए। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार विश्वकर्मा ने एनडीएलएम योजना की जानकारी देते हुए पशुओं की शत-प्रतिशत टैगिंग और उनका विवरण रजिस्टर में सुरक्षित रखने को कहा। वहीं, अधिकारियों को प्रतिदिन विभागीय प्रगति ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए।पशु चिकित्साधिकारी बरगदवा डॉ. दिलीप कुमार सिंह और भिटौली के डॉ. रिजवान अंसारी ने ऐप पर डाटा अपलोड करने की प्रक्रिया और सही जानकारी फीड करने की आवश्यकता बताई। इस दौरान कर्मचारियों की तकनीकी समस्याओं का समाधान भी किया गया।राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुंहपका टीकाकरण के आठवें चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. अशोक कुमार यादव, मनोज कुमार, कपिल देव निषाद और वीरेंद्र कुमार वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बीस बोरी एवं तीन झोला अवैध पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

श्यामदेउरवा। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी (डब्बू) द्वारा चलाए जा रहे अपराध रोकथाम अभियान के तहत थाना श्यामदेउरवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बभनौली में छापा मारकर 20 बोरी, 03 झोला एवं 01 गत्ता में भरे विभिन्न प्रकार के अवैध विस्फोटक पदार्थ (आतिशबाजी के पटाखे) बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में चौकी प्रभारी परतावल उपनिरीक्षक अनीश कुमार सिंह मय पुलिस टीम व तहसीलदार सदर पंकज शाही द्वारा यह कार्रवाई बुधवार को की गई। पुलिस के अनुसार, ग्राम बभनौली थाना श्यामदेउरवा निवासी एक युवक के कमरे के हाल से यह अवैध पटाखे बरामद हुए। मौके से आरोपी सोनू चौबे निवासी बरवा बाबू थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना श्यामदेउरवा में मुकदमा धारा 5/9(बी) विस्फोटक अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

गांवों की चौखट तक पहुंचा आयोग, जनसुनवाई से सत्येंद्र बारी ने बनाई अलग पहचान

महराजगंज आज। कार्यालयों तक सीमित रहने के बजाय गांवों की चौखट तक पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनना और उनके समाधान की पहल करना सत्येंद्र बारी की कार्यशैली की पहचान बनता जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार प्रवास, जनसुनवाई और ग्रामीणों से सीधे संवाद के जरिए उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली में जमीनी सक्रियता की नई तस्वीर पेश की है। एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1991 में आयोग के गठन के बाद पहली बार इतनी व्यापक स्तर पर आयोग की सक्रियता गांव-गांव तक दिखाई दे



रही है। उनके क्षेत्रीय दौरों को आयोग के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।सत्येंद्र बारी के दौरे औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहते। वे ग्रामीणों, बुजुर्गों, गरीबों और जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनते हैं। जनसुनवाई के दौरान लोगों से सीधा संवाद कर उनकी परेशानियों को समझने और समाधान की दिशा में पहल करने पर जोर देते हैं।लगातार जनसंपर्क से ग्रामीणों को अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है। उनकी सक्रियता को आयोग को अधिक जनोन्मुखी और जवाबदेह बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक

सिंदुरिया। स्थानीय थाना सिंदुरिया पर बुधवार को आगामी दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर सिंदुरिया थाना प्रभारी अनूप कुमार तिवारी की अध्यक्षता और क्षेत्र वासियों की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुआ।थाना प्रभारी सिंदुरिया अनूप कुमार तिवारी ने बैठक में शामिल सभी सदस्यों से आग्रह किया कि आगामी त्यौहार दीपावली एवं छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में और आपसी भाई चारे की भावना के साथ मनाए।क्षेत्र में कही भी संदिग्ध गतिविधियां देखने के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दे।बैठक में सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान मां लक्ष्मी पूजा समिति के सदस्य, सहित क्षेत्र के संभ्रांत एवं गणमान्य लोग एवं सिंदुरिया थाना के पुलिस कर्मी शामिल रहें।

ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दो युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

बृजमनगंज आज। बृजमनगंज-फरेंदा मार्ग पर भगतपुरवा गांव के पास मंगलवार शाम ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बृजमनगंज पहुंचाया गया।वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया। घायलों की पहचान साजन और सनोज के रूप में हुई है। दोनों सिद्धार्थनगर जनपद के लोटन थाना क्षेत्र के भुसौला टोला देवलिया गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि हादसे में घायल दोनों युवकों के स्वजन को सूचना दे दी गई है। दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।